प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

27 नवंबर 2025

2025-26 की दूसरी तिमाही के लिए अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई)

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) पंजीकरण अधिकारियों से प्राप्त लेनदेन-स्तरीय आँकड़ों के आधार पर तिमाही आधार पर आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) संकलित करता है। आज, रिज़र्व बैंक ने 2025-26 की दूसरी तिमाही के लिए आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) जारी किया, जिसका नया आधार वर्ष 2022-23 है और इसमें अठारह प्रमुख शहर शामिल हैं[1]। अखिल भारतीय और शहर-वार एचपीआई पर समय-शृंखला डेटा बैंक के भारतीय अर्थव्यवस्था के डेटाबेस (डीबीआईई) पोर्टल ((https://data.rbi.org.in/#/dbie/home> Statistics > Real Sector > Prices & Wages) पर उपलब्ध हैं।

मुख्य बातें:

- आवास मूल्य सूचकांक का मूल्य 2025-26 की पहली तिमाही की तुलना में 2025-26 की दूसरी तिमाही में 113.4 से घटकर 112.7 हो गया जो प्रमुख शहरों अर्थात कोलकाता, चेन्नई, लखनऊ और हैदराबाद के लिए सूचकांक में कमी के कारण हुआ।
- अखिल भारतीय एचपीआई में 2025-26 की दूसरी तिमाही में 2.2 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वार्षिक वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 7.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। नागपुर, गाजियाबाद और चंडीगढ़ जैसे शहरों ने एचपीआई में वृद्धि में योगदान दिया।
- तिमाही-दर-तिमाही आधार पर, सूचकांक में 0.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जिसका मुख्य योगदान कोलकाता, चेन्नई और लखनऊ का रहा।



अजीत प्रसाद
उप महाप्रबंधक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/1573

---

[1] अठारह शहर हैं: मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, बैंगलोर, लखनऊ, अहमदाबाद, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, हैदराबाद, तिरुवनंतपुरम, पुणे, गाजियाबाद, ठाणे, गौतम बुद्ध नगर, चंडीगढ़ और नागपुर।